संचिका सं0-ब-14/बी0एस0जी0-307/2025- 994 /वि0

**बिहार सरकार**

**वित्त विभाग**

प्रेषक,

**रचना पाटिल** (भा0प्र0से0)
सचिव (व्यय) ।

सेवा में,

**अपर मुख्य सचिव/प्रधान सचिव/सचिव**
सभी विभाग
**मिशन निदेशक, बिहार विकास मिशन,**
बिहार, पटना ।

पटना, दिनांक- 18/12/2025

**विषयः-** **वित्तीय वर्ष 2026-27 के बजट उपस्थापन के समय माननीय वित्त मंत्री के बजट भाषण हेतु सामग्री भेजने के संबंध में।**

महाशय,

वित्तीय वर्ष 2026-27 का बजट विधान मंडल के बजट सत्र में प्रस्तुत किया जाना हैं । माननीय वित्त मंत्री के बजट भाषण में वित्तीय वर्ष 2026-27 के भावी कार्यक्रमों/नीतियों एवं वित्तीय वर्ष 2025-26 के क्रियान्वित किये जा रहे कार्यक्रमों/परियोजनाओं की उपलब्धियों का समावेश किया जाना है।

2. ध्यातव्य है कि माननीय वित्त मंत्री के बजट भाषण से सरकार की नीतियाँ एवं विकास कार्य परिलक्षित होता है । ऐसी स्थिति में यह अपेक्षित है कि **अभिभाषण सामग्री तथ्यपरक एवं विभागाध्यक्ष से संपुष्ट** होनी चाहिए ।

3. अतएव उक्त आलोक में वित्तीय वर्ष 2026-27 के भावी कार्यक्रमों के साथ-साथ चालू वित्तीय वर्ष 2025-26 के उपलब्धियों का समावेश कर भाषण-सामग्री की **हार्ड एवं विभागाध्यक्ष द्वारा हस्ताक्षरित एवं सम्पुष्ट प्रति** के साथ-साथ **सॉफ्ट प्रति (पेन ड्राइव) Kruti Dev 010 Fonts, MS Word, Size 16 (PDF स्वीकार्य नहीं) में** दिनांक 09.01.2026 तक वित्त विभाग के बजट शाखा में उपलब्ध कराने की कृपा की जाय।

4. साथ ही, माननीय वित्त मंत्री के बजट भाषण, 2026 हेतु अपने-अपने विभागों के लिए एक नोडल पदाधिकारी को नामित करते हुए उनका नाम/पदनाम/मोबाईल नंबर उपलब्ध कराने की कृपा की जाय, जिनसे आवश्यकतानुसार सम्पर्क किया जा सके ।

विश्वासभाजन

18.12.25
**(रचना पाटिल)**
सचिव (व्यय)